# हिमाचल प्रदेश सरकार

# सिविल सर्विस अवार्ड

## वर्ष–2015

**हिमाचल प्रदेश विधान सभा** ई–गवर्नेंस समाधान के अन्तर्गत ई–विधान प्रणाली को अपना कर भारत की प्रथम उच्च तकनीक विधान सभा बन कर उभरी है।

विधान सभा अध्यक्ष श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की परिकल्पना व अथक प्रयासों के फलस्वरूप ई–विधान प्रणाली को हिमाचल प्रदेश विधान सभा में लागू कर पाना सम्भव हो सका है। श्री बी.बी.एल. बुटेल के प्रयासों से विधान सभा की पूरी कार्यप्रणाली को ऑन–लाईन करने के लिए भारत सरकार के इलैक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से प्रोजैक्ट के लिए फण्डस उपलब्ध करवाए गए। ई–विधान प्रोजेक्ट को हिमाचल प्रदेश विधान सभा, भारत सरकार, एन.आई.सी., एन.आई.सी.एस.आई. व एस.बी.एल. के संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप सफलतापूर्वक लागू किया गया है।

ई–विधान प्रणाली के अंतर्गत बहुउद्देशीय टच स्क्रीन उपलब्ध करवाकर सत्र के दौरान प्रश्नों के उत्तर की जानकारी के साथ–साथ ई–बुक्स से सदन में प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों को सभी विधान सभा सदस्यों को उपलब्ध करवाया जाता है। इसके माध्यम से ई–वोटिंग तथा वीडियो कांन्फ्रेंसिंग की सुविधा भी दी गई है। इस प्रणाली के अंतर्गत विभागों द्वारा विधान सभा प्रश्नों को ऑन–लाईन भेजा जाता है, जिससे जहां कार्यदक्षता में वृद्धि हुई है, वहीं समय की बचत भी सम्भव हुई है।

ई–विधान प्रोजेक्ट के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन से मन्त्रियों, विधायकों, अफसरों व कार्यालयों को उपलब्ध करवाए गए कम्पयूटर/लैपटॉप आदि का सार्थक उपयोग भी हुआ है। ई–विधान के लागू होने से सभी सूचनाएं ऑन–लाईन उपलब्ध होने से कागज़ों की बचत कर पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में भी एक और कदम बढ़ाया गया है।

ई–विधान प्राजेक्ट को सफलतापूर्वक कार्यान्वित कर हिमाचल प्रदेश विधान सभा की कार्यवाही को पूर्णतय: ऑन–लाईन बनाने हेतु **हिमाचल प्रदेश विधान सभा** की टीम को उनके विशेष योगदान के लिए प्रदेश सरकार हिमाचल दिवस के शुभ अवसर पर **सिविल सर्विस अवार्ड** से सम्मानित करती है।

**( वीरभद्र सिंह )**
**मुख्य मन्त्री**
**हिमाचल प्रदेश**

**15 अप्रैल, 2015**
**तद्नुसार वैशाख प्रविष्टे 2, सम्वत् 2072**